मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-465
13/09/2021

पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद ऑस्कर फर्नांडिस के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 13 सितम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री, राज्यसभा सांसद एवं कॉग्रेस के वरिष्ठ नेता ऑस्कर फर्नांडिस के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व0 ऑस्कर फर्नांडिस एक कुशल एवं अनुभवी राजनेता थे। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री, लोकसभा एवं राज्यसभा के सदस्य के रूप में अपनी जिम्मेवारियों का बेहतर ढंग से निवर्हन किया था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******